## जनपद महोबा के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की कार्य प्रगति के सम्बन्ध में दिनांक 05.06.2025 को आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जनपद महोबा के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी, महोदया की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं अभियंता गण उपस्थित रहे:-

1. मो. मोइनुल इस्लाम, अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति महोबा।
2. श्री सी. के. वर्मा, जिला पंचायतराज अधिकारी, महोबा।
3. श्री संदेष सिंह तोमर, अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
4. श्री ए.के. शर्मा, अधिशाषी अभियंता, जल निगम (नगरीय) महोबा।
5. श्री अनिल कुमार, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड-1 महोबा।
6. श्री अशोक कुमार, अधिशाषी अभियंता, जल संस्थान, महोबा।
7. श्री अवधेश कुमार, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, महोबा।
8. श्री प्रवेन्द्र कुमार, अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत, कुलपहाड़।
9. श्री अमरजीत सिंह, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, चरखारी।
10. श्री मुकेश नामदेव, सहायक अभियंता, ई0/एम0 एस0डबलू0एस0एम0, महोबा।
11. श्री अनूप सिंह, क्वालिटी इंजीनियर, टी.पी.आई., सेन्सिस, महोबा।
12. श्री शैलेश सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, बी.बी.जी. जेवी, महोबा।
13. श्री प्रकाश, मैनेजर, समृद्धि कन्स्ट्रक्शन, चरखारी।
14. श्री मिथलेश कुमार मिश्रा, ओ0एण्डएम0 मैनेजर, एल.एण्ड.टी.।
15. श्री सुनील कुमार पाण्डेय, प्रोजेक्ट मैनेजर, एस.सी.एल.-एस.एम.सी.।
16. श्री अली मिराज, ओ0एण्डएम0 मैनेजर,जे.एम.सी.-जे.डब्लू.आई.एल. जेवी।
17. श्री रघुवंश शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना ।



1. **कबरई नगर पुर्नगठन पेयजल योजना**- अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि शासन से योजना की लागत के सापेक्ष लगभग धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। कबरई नगर पुर्नगठन पेयजल परियोजना से सम्बन्धित घटक

Scanned with OKEN Scanner

इण्टेक बेल पर प्रगति 93 प्रतिशत, डब्लूटीपी पर प्रगति 87 प्रतिशत, रॉ वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 500 मीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी थी जिसके सापेक्ष 297 मीटर पाइप लाइन की लेईंग की जा चुकी है, क्लीयर वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 4600 मीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी है जिसके सापेक्ष 3085.70 मीटर पाइप लाइन की लेईंग की गयी है, सी0डबलू0आर0 कम पम्पहाउस पर प्रगति 90प्रतिशत, कलशहा बाबा सी0डबलू0आर0 पर प्रगति 90प्रतिशत, चन्द्रावल सी0डबलू0आर0 पर प्रगति 10प्रतिशत , वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 30.90किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी है जिसके सापेक्ष 26.80 किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की गयी है, परियोजना के अन्तर्गत 6669 हाउस टैप कनेक्शन दिए जान हैं लक्ष्य के सापेक्ष 4600 टैप कनेक्शन प्रदान किए गए है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा परियोजना के घटक इण्टेकबेल, वाटर ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट, सीडब्लूआर से सम्बन्धित अधूरे कार्यों, टैप कनेक्शनों के लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण न होने तथा रॉ–वाटर राइजिंग मेन, क्लीयर वाटर राइजिंगमेन की धीमी प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय को निर्देशित किया गया कि योजना से सम्बन्धित समस्त कार्यों को प्रत्येकदशा में जून माह के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण कराते हुए कबरई नगर में सुचारू रूप से पेयजलापूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें अन्यथा की स्थिती में कार्यदायी संस्था पर दण्डात्मक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। **(आवश्यक कार्यवाही– सम्बन्धित फर्म द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय)**

2. **खरेला नगर वाटर सप्लाई स्कीम–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि खरेला नगर वाटर सप्लाई स्कीम का कार्य मै0 ब्रिज इंजीनियरिंग वर्क एण्ड बैंकों कन्स्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है। स्कीम के अन्तर्गत मौदहा डेम पर इण्टेक बेल का निर्माण किया जाना है इसके लिए नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है तथा परियोजना के अन्य घटकों 4.5 एमएलडी के डबलू0टी0पी0 पर प्रगति 30प्रतिशत, ओ0एच0टी0 पर प्रगति 37 प्रतिशत, एमसीडब्लूआर पर प्रगति 90प्रतिशत, रॉ वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 13 किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी है प्रगति 8.95 प्रतिशत, क्लीयर वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 2.705 किलोमीटर पाइप लाइन लेईंग की जानी है, डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन के अन्तर्गत 41.84 किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी है प्रगति 36.272 किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की गयी है, 3081 हाउस टैप कनेक्शन दिये जाने हैं लक्ष्य के सापेक्ष 3081 हाउस टेप कनेक्शन दिये गए हैं। जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय को निर्देशित किया कि उक्त इण्टेक बेल के निर्माण हेतु एन.ओ.सी. प्राप्त करने हेतु शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करें तथा स्कीम से सम्बन्धित अन्य घटकों यथा डबलूटीपी, ओएचटी, एमसीडब्लूआर, टैप कनेक्शनों को इंस्टाल कराने हेतु मैन पावर तथा मशीनरी को बढ़ाते हुए अवशेष समस्त कार्यों को 30 जून तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करायें। **(आवश्यक कार्यवाही– अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय)**

3. **चरखारी नगर वाटर सप्लाई स्कीम–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि चरखारी नगर वाटर सप्लाई स्कीम का कार्य मै0 समृद्धि

Scanned with OKEN Scanner

एमसीपीएल जेवी द्वारा किया जा रहा है। इण्टेकबेल पर प्रगति 20 प्रतिशत, डब्लूटीपी पर प्रगति 50 प्रतिशत, 700 के0एल0 ओएचटी पर प्रगति 90 प्रतिशत, 400 के0एल0 सीडब्लूआर पर प्रगति 85 प्रतिशत, क्लीयर वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 0.280 किलोमीटर पाइप लाइन लेईंग की जानी अभी शेष है, डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के अन्तर्गत 61.56 किलोमीटर पाइप लाइन लेईंग की जानी है लक्ष्य के सापेक्ष 63.239 किलोमीटर पाइप लाइन लेईंग की गयी है, 6419 हाउस टैप कनेक्शन दिए जाने हैं लक्ष्य के सापेक्ष सापेक्ष 4545 टैप कनेक्शन दिए गए हैं। जिलाधिकारी महोदया द्वारा स्कीम के घटक इण्टेक बेल, डबलूटीपी तथा डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन टैप कनेक्शन से सम्बन्धित कार्यों की धीमी प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए मै0 समृद्धि एमसीपीएल जेवी के मैनेजर श्री प्रकाश को निर्देशित किया गया कि अवशेष कार्यों को 25 जून तक पूर्ण कराने हेतु मैन पावर तथा मशीनरी को बढ़ाना सुनिश्चित करें, अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय स्कीम से सम्बन्धित कार्यों का सतत पर्यवेक्षण करें तथा प्रत्येक दिवस डिप्लॉय मैन पावर की डिटेल्स अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायें अन्यथा की स्थिती में कार्यदायी संस्था पर दण्डात्मक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
**(आवश्यक कार्यवाही– अधिशाषी अभियंता जल संस्थान, अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय)**

4. **महोबा पेयजल पुर्नगठन योजना (कैप्टिल वर्क)–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि महोबा के नगरीय क्षेत्र में पेयजलापूर्ति हेतु योजना का 10 वर्ष का संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य मै0 बीबीजी जेवी द्वारा किया जा रहा है, अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत महोबा पुर्नगठन पेयजल योजना हेतु वाटर ट्रीटमेण्ट प्लांट, सीडब्लूआर तथा अवर जलाशय के निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता है। अधिशाषी अभियंता जल संस्थान, द्वारा अवगत कराया गया कि महोबा के नगरीय क्षेत्र में 14 नग नलकूपों का संचालन एवं अनुरक्षण जल संस्थान द्वारा किया जा रहा है। मै0 बीबीजी जेवी के प्रतिनिधि श्री शैलेश द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम श्रीनगर तथा ग्राम सिजहरी जल जीवन मिशन से आच्छादित हैं परन्तु उक्त ग्रामों में पेयजलापूर्ति 'महोबा नगर में होने वाली सप्लाई लाइन से की जा रही है जिससे महोबा नगर में वाटर सप्लाई प्रभावित हो रही है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, महोबा को निर्देशित किया गया कि उक्त प्रस्ताव पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय एवं अधिशाषी अभियंता जल संस्थान को निर्देशित किया गया कि उक्त के सम्बन्ध में नियमानुसार आवश्यक करना सुनिश्चित करें।
**(आवश्यक कार्यवाही– अधिशाषी अभियंता जल संस्थान, फर्म मै0 बीबीजी जेवी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, महोबा)**

Scanned with OKEN Scanner

5. **शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण फर्म एल0एण्डटी0 द्वारा कराया गया है। परियोजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों यथा रोड़ रेस्टोरेशन, टैप कनेक्शन, तथा ग्रामों में नियमित पेयजलापूर्ति हेतु ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा किये गये सत्यापन के पश्चात सत्यापन आख्या में अंकित 905 टैप कनेक्शन के सापेक्ष 122 टैप कनेक्शन किए जाने अभी शेष हैं तथा तोडी गयी 918 सड़कों के सापेक्ष 164 सड़को को रिस्टोर किया जाना अभी शेष है एवं 65 लीकेज के सापेक्ष 11 पाइप लाइन लीकेज किए जाने अभी शेष हैं। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सम्बन्धित फर्म के ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, इन्चार्ज को निर्देशित किया गया कि परियोजना अन्तर्गत शेष कार्यों टेप कनेक्शन, सड़क की मरम्मत तथा पाइप लाइन लीकेज को प्रत्येकदशा में 20 जून तक पूर्ण कराते हुए परियोजना से आच्छादित समस्त ग्रामों में रोस्टर के अनुसार पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**(आवश्यक कार्यवाही– इन्चार्ज ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, एल.एण्ड टी. द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण)**

6. **लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण फर्म जे0एम0सी0–जे0डबलू0आई0एल0 जेवी द्वारा कराया गया है। परियोजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों यथा रोड़ रेस्टोरेशन, टैप कनेक्शन, तथा ग्रामों में नियमित पेयजलापूर्ति हेतु ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा किये गये सत्यापन के पश्चात सत्यापन आख्या में अंकित 1012 टैप कनेक्शन के सापेक्ष 105 टैप कनेक्शन किए जाने अभी शेष हैं तथा तोडी गयी 599 सड़कों के सापेक्ष 51 सड़को को रिस्टोर किया जाना अभी शेष है एवं 45 पाइप लाइन लीकेज के सापेक्ष 13 पाइप लाइन लीकेज सही किए जाने अभी शेष हैं। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सम्बन्धित फर्म के ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, इन्चार्ज को निर्देशित किया गया कि परियोजना अन्तर्गत शेष कार्यों टेप कनेक्शन, सड़क की मरम्मत तथा पाइप लाइन लीकेज को प्रत्येकदशा में 20 जून तक पूर्ण कराते हुए परियोजना से आच्छादित समस्त ग्रामों में रोस्टर के अनुसार पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**(आवश्यक कार्यवाही– इन्चार्ज, ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, जे0एम0सी0–जे0डबलू0आई0एल0 जेवी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण)**

7. **सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण फर्म जे0एम0सी0–जे0डबलू0आई0एल0 जेवी द्वारा कराया गया है। परियोजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों यथा रोड़ रेस्टोरेशन, टैप कनेक्शन, तथा ग्रामों में नियमित पेयजलापूर्ति हेतु ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा किये गये सत्यापन के पश्चात सत्यापन आख्या में अंकित 619 टैप कनेक्शन के सापेक्ष 329 टैप कनेक्शन किए जाने अभी शेष

Scanned with OKEN Scanner

हैं तथा तोडी गयी 667 सड़कों के सापेक्ष 14 सड़को को रिस्टोर किया जाना अभी शेष है एवं 27 पाइप लाइन लीकेज के सापेक्ष 05 पाइप लाइन लीकेज सही किए जाने अभी शेष हैं। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सम्बन्धित फर्म के ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, इन्चार्ज को निर्देशित किया गया कि परियोजना अन्तर्गत शेष कार्यों टेप कनेक्शन, सड़क की मरम्मत तथा पाइप लाइन लीकेज को प्रत्येकदशा में 20 जून तक पूर्ण कराते हुए परियोजना से आच्छादित समस्त ग्रामों में रोस्टर के अनुसार पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**(आवश्यक कार्यवाही– इन्चार्ज, ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, जे0एम0सी0–जे0डबलू0आई0एल0 जेवी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण)**

8. **कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण फर्म मै0 एन0के0 गुप्ता जेवी के0बी0 गुप्ता द्वारा कराया गया है। परियोजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों यथा रोड़ रैस्टोरेशन, टैप कनेक्शन, तथा ग्रामों में नियमित पेयजलापूर्ति हेतु ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा किये गये सत्यापन के पश्चात सत्यापन आख्या में अंकित 288 टैप कनेक्शन के सापेक्ष 69 टैप कनेक्शन किए जाने अभी शेष हैं तथा तोडी गयी 566 सड़कों के सापेक्ष 32 सड़को को रिस्टोर किया जाना अभी शेष है एवं ग्रामों में 08 सीनों पर पाइप लाइन लीकेज सही किए जाने अभी शेष हैं। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सम्बन्धित फर्म के ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, इन्चार्ज को निर्देशित किया गया कि परियोजना अन्तर्गत शेष कार्यों टेप कनेक्शन, सड़क की मरम्मत तथा पाइप लाइन लीकेज को प्रत्येकदशा में 20 जून तक पूर्ण कराते हुए परियोजना से आच्छादित समस्त ग्रामों में रोस्टर के अनुसार पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**(आवश्यक कार्यवाही– प्रोजेक्ट मैनेजर, ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, जे0एम0सी0–जे0डबलू0आई0एल0 जेवी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण)**

9. **धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण फर्म मै0 एस0सी0एल0–एस0एम0सी0 द्वारा कराया जा रहा है। परियोजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों यथा रोड़ रेस्टोरेशन, टैप कनेक्शन, तथा ग्रामों में नियमित पेयजलापूर्ति हेतु ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा किये गये सत्यापन के पश्चात सत्यापन आख्या में अंकित 373 टैप कनेक्शन के सापेक्ष 138 टैप कनेक्शन किए जाने अभी शेष हैं तथा तोडी गयी 477 सड़कों के सापेक्ष 91 सड़को को रिस्टोर किया जाना अभी शेष है एवं ग्रामों में 41 स्थानों पर पाइप लाइन लीकेज सही किए जाने अभी शेष हैं। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सम्बन्धित फर्म के ऑपरेशन एण्ड मेंटीनेंस, इन्चार्ज को निर्देशित किया गया कि परियोजना अन्तर्गत शेष कार्यों टेप कनेक्शन, सड़क की मरम्मत तथा पाइप लाइन लीकेज को प्रत्येकदशा में 20 जून तक पूर्ण कराते हुए परियोजना से आच्छादित समस्त ग्रामों में रोस्टर के अनुसार पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

(आवश्यक कार्यवाही– प्रोजेक्ट मैनेजर, एस0सी0एल0–एस0एम0सी0 द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण)

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।

# कार्यालय जिलाधिकारी, महोबा।

(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति)

पत्रांकः– /एस.टी.–जे.जे.एम./2025 दिनांक .06.2025

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी, महोदया को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशाषी निदेशक, महोदय राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोनार्थ।
3. जिला पंचायतराज अधिकारी, महोबा।
4. अधीक्षण अभियंता, विद्युत, महोबा।
5. अधिशाषी अभियंता, जल निगम (नगरीय) महोबा।
6. अधिशाषी अभियंता, जल संस्थान महोबा।
7. अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
8. अधिशाषी अधिकारी, समस्त स्थानीय निकाय, जनपद महोबा।
9. डी.टी.एल. टी.पी.आई. सेन्सिस महोबा।
10. प्रोजेक्ट मैनेजर (एल.एण्ड.टी.) शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना महोबा।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल. जेवी) महोबा।
12. प्रोजेक्ट मैनेजर, (मैं0 एन0के0 गुप्ता–के0बी0 गुप्ता जेवी) महोबा।
13. प्रोजेक्ट मैनेजर, (एस.सी.एल.–एस.एम.सी. जेवी) महोबा।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।

Scanned with OKEN Scanner